**SET – 4**

**Series : GBM/1**

कोड नं.
**Code No. 62/1**

**रोल नं.**
**Roll No.**

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **25** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **7** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **25** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# समाजशास्त्र
# SOCIOLOGY

*निर्धारित समय : **3** घंटे* — *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* — *Maximum Marks : **80***

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* *प्रश्नों की कुल संख्या **25** हैं ।*

*(ii)* ***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **1 – 14** तक लघु-उत्तर वाले प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **15 – 21** तक दीर्घ-उत्तर वाले प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **4** अंक हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **22 – 25** तक अति दीर्घ-उत्तर वाले प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **6** अंक हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **200** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए । प्रश्न संख्या **25** का उत्तर दिए हुए अनुच्छेद के आधार पर देना है ।*

**General Instructions :**

*(i)* *There are **25** questions in all.*

*(ii)* ***All** questions are compulsory.*

*(iii)* *Question Nos. **1 – 14** are short answer type questions carrying **2** marks each. Answer to each question should not exceed **30** words.*

*(iv)* *Question Nos. **15 – 21** are long answer type questions carrying **4** marks each. Answer to each question should not exceed **80** words.*

*(v)* *Question Nos. **22 – 25** are very long answer type questions carrying **6** marks each. Answer to each question should not exceed **200** words. Question No. **25** is to be answered on the basis of the passage given.*

1. पश्चिमीकरण (पाश्चात्यकरण) शब्द से आप क्या समझते हैं ? **2**

   What do you understand by the term westernization ?

2. एक औद्योगिक प्रतिष्ठान में मैनेजर मजदूरों को अधिक उत्पादन के लिए कैसे प्रेरित करेगा ? **2**

   In an industrial set-up, how can a manager make the workers produce more ?

3. सूचना एवं मनोरंजन शब्द का अर्थ लिखिए । **2**

   Write the meaning of term infotainment.

4. उपयोग का स्वरूप, प्रतिष्ठा का प्रतीक कैसे बन जाता है ? **1 + 1 = 2**

   In what way consumption pattern is related to status symbol ?

5. औपनिवेशिक शासकों को तटीय नगर क्यों पसंद थे ? **1 + 1 = 2**

Why coastal cities were favoured by the colonial rulers ?

6. समाचार-पत्र उद्योग में प्रौद्योगिकी क्या परिवर्तन लाती है ? **1 + 1 = 2**

What changes has been brought by the technology in newspaper industry ?

7. बिहार में रेशम बुनने और कातने वाले भूमंडलीकरण से किस प्रकार प्रभावित हुए ? **1 + 1 = 2**

How were silk spinners and twisters of Bihar affected by globalization ?

8. भारतीय लोकतंत्र में दबाव समूह क्या भूमिका निभाते हैं ? **1 + 1 = 2**

What role does pressure groups play in Indian democracy ?

9. विरोधी आंदोलन क्या होते हैं ? उदाहरण दीजिए । **2**

What are counter movements ? Give example.

10. विरोध प्रदर्शन के विभिन्न प्रकार क्या होते हैं ? **2**

What are the distinct modes of protest ?

11. 19वीं शताब्दी के समाज सुधारकों की मुख्य चिंताएँ क्या थीं बताइये । **1 + 1 = 2**

State the main concerns of $19^{th}$ Century's social reformers.

12. प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में विज्ञापन होने से भूमंडलीय समुदायों में क्रांतिकारी परिवर्तन किस प्रकार हुए ? **1 + 1 = 2**

In what way advertisement in technology led to revolutionary changes in global communities.

13. आई.एन.जी.ओ. के उदाहरण दीजिए । **1 + 1 = 2**

Give examples of INGOs.

14. संचार माध्यम किस प्रकार हमारे दैनिक जीवन के भाग हैं ? **2**

How mass-media is a part of our everydays life ?

15. राष्ट्रीय पहचान को स्थापित करने के लिए की गई आत्मसातीकरण और एकीकरण की राजनीति की व्याख्या कीजिए । **2 + 2 = 4**

Explain the politics of assimilation and integration used to establish national identity.

16. बाजार के समाजशास्त्रीय और अर्थशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य में भिन्नता बताइये । **2 + 2 = 4**

**अथवा**

औपनिवेशवाद के आगमन से भारत की अर्थव्यवस्था में बड़ी उथल-पुथल कैसे आई ?

Differentiate the sociological and economic perspective of market.

**OR**

How did the advent of colonialism in India produce a major upheaval in the economy ?

17. औपनिवेशिक काल में राष्ट्र-राज्य राजनीति का महत्त्वपूर्ण प्रकार बन गया । विश्लेषण कीजिए । **4**

Nation-State became the dominant political form during the colonial period. Explain.

18. 73वाँ संशोधन ग्रामीण लोगों की आवाज़ को आगे लाने के लिए स्मरणीय बन गया । विवेचना कीजिए । **4**

The $73^{rd}$ amendment has been monumental in bringing voice to the people of villages. Discuss.

19. आज के विश्व में नगरीय समाज की भूमिका और सार्थकता क्या है ? **4**

**अथवा**

सांस्कृतिक विभिन्नता को बढ़ावा देना व्यावहारिक और सैद्धान्तिक दोनों अर्थों में एक अच्छी नीति है । भारत को एक राष्ट्र-राज्य के रूप में लेते हुए इस कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए ।

What is the role and significance of civil society in todays world ?

**OR**

Encouraging cultural diversity is good policy from both the practical and the principled point of view. Justify the statement using India's case as a Nation-State.

20. व्यापार संघ द्वारा मजदूरों की जिन्दगी में आए परिवर्तनों की व्याख्या कीजिए । **4**

Discuss the changes that the Trade Unions bring out in the lives of workers.

21. नए सामाजिक आंदोलन पुराने सामाजिक आंदोलनों से किस तरह भिन्न हैं ? **2 + 2 = 4**

In what way the new social movements are different from the old social movements.

22. सामाजिक स्तरीकरण के तीन मूल सिद्धान्तों का उदाहरण सहित विश्लेषण कीजिए । **(1 × 4) + 2 = 6**

Explain the three key principles of social stratification with examples.

23. हरित क्रांति के सामाजिक परिणामों पर प्रकाश डालिए । **6**

Highlight the social consequences of Green Revolution.

24. मातृसत्तात्मक समाजों में पुरुषों और महिलाओं द्वारा झेले जा रहे संरचनात्मक तनावों की व्याख्या कीजिए । **6**

**अथवा**

आज जनजातीय पहचान के अभिकथन के पीछे क्या कारण हैं ?

Explain the structural tensions faced by men and women in matriarchal societies.

**OR**

What are the factors behind the assertion of tribal identities today ?

25. नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

वर्ष 1999-2000 के राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण अध्ययन के आँकड़ों और भारतीय जनगणना 2001 के आँकड़ों से पता चलता है कि ग्रामीण और नगरीय दोनों प्रकार के इलाकों में रोज़गार पैदा करने (काम के नए अवसर उत्पन्न करने) की दर में एक साथ भारी गिरावट आई है । यह स्थिति युवाओं के मामलें में भी सही बैठती है । 15-30 वर्ष के आयु वर्ग में रोज़गार वृद्धि की दर 1987 से 1994 के बीच की अवधि में ग्रामीण और नगरीय दोनों इलाकों के पुरुषों के लिए लगभग 2.4 प्रतिशत प्रतिवर्ष था । यह 1994 से 2004 के दौरान ग्रामीण पुरुषों के लिए घटकर 0.7 प्रतिशत और नगरीय पुरुषों के लिए घटकर 0.3 प्रतिशत के स्तर पर आ गई । इसका तात्पर्य यह हुआ कि एक युवा श्रमिक बल द्वारा प्रस्तुत श्रम लाभ की संभावना को वास्तविकता में परिवर्तित नहीं कर सकता है ।

आज भारत के सम्मुख अवसरों का जो जनसांख्यिकीय द्वार खुला है उसका लाभ उठाने के लिए रणनीतियाँ तो मौजूद है । लेकिन भारत का हाल का अनुभव यह बताता है कि बाजार की शक्तियाँ स्वयं यह सुनिश्चित नहीं कर पाती कि ऐसी रणनीतियों को कार्यान्वित किया जाएगा । जब तक आगे का कोई रास्ता नज़र नहीं आता संभव है कि हम उन संभावित लाभों को गँवा देंगे जो देश की बदलती हुई आयु संरचना फिलहाल हमें देने वाली है ।

(अ) जनांकिकीय लाभांश का अर्थ क्या है ? **2**

(ब) क्या आपके विचार में जनसांख्यिकीय लाभांश वास्तव में भारत में एक सुनहरे अवसर का द्वार खोल रहा है ? **4**

Read the passage given below and answer following questions :

Data from the National Sample Survey studies of 1999-2000 and from the 2001 Census of India reveal a sharp fall in the rate of employment generation (creation of new jobs) across both rural and urban areas. This is true for the young as well. The rate of growth of employment in the 15-30 age group, which stood at around 2.4 per cent a year between 1987 and 1994 for both rural and urban men, fell to 0.7 for rural men and 0.3 per cent for urban men during 1994 to 2004. This suggests that the advantage offered by a young labour force is not being exploited.

Strategies exist to exploit the demographic window of opportunity that India has today. But India's recent experience suggests that market forces by themselves do not ensure that such strategies would be implemented. Unless a way forward is found, we may miss out on the potential benefits that the country's changing age structure temporarily offers.

(a) What is demographic dividend ?

(b) Do you think that India is indeed facing a window of opportunity created by demographic dividend ?